**मामला दर्ज** दम्पति पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज, पिछले साल दर्जनों जंगली सुअर का शिकार हुआ था

# श्वान स्क्वॉड ने जब्त किया जंगली सुअर का मांस

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 28 अगस्त।** तेंदूखेड़ा में श्वान स्क्वॉड ने एक घर से जंगली सुअर का मांस जब्त किया। इस मामले में एक दम्पति हो हिरासत में लिया गया है।

क्षेत्र में जंगली सुअर बड़ी संख्या में है और ये झुंड में किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचते हैं, जिसकी शिकायत लगातार किसानों द्वारा की जाती हैं. तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के बेलवाड़ा बुंदेला पट्टी के जंगलों में जंगली सुअर बहुतायात में पाए जाते हैं. खोजबीन की गई तो पता चला कि कुछ लोग इनका शिकार भी कर रहे हैं और पिछले साल दर्जनों जंगली सुअर का शिकार हो चुका है. ये शिकार लोग शौक के लिए करते है, बाद में इसका मास खाते हैं।



### तीन दिन पहले किया गया था शिकार

तीन दिन पूर्व यहां एक जंगली सुअर का शिकार हुआ था और उसका मांस पकाया जा रहा था. उसी दिन वीरांगना दुर्गावती टाईगर रिजर्व का श्वान स्क्वॉड जंगल भ्रमण के लिए निकला था. भ्रमण के दौरान श्वान एक घर में घुस गया और उसने जंगली सुअर के मास को पकड़ लिया. तेजगढ़ वन परिक्षेत्र की सागा बीट के रहवासी क्षेत्र से श्वान ने मांस बरामद किया है.

### सैंपल परीक्षण हेतु जबलपुर भेजा गया

बीट गार्ड सत्यम साहू ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर श्वान स्क्वॉड टीम बीटों के भ्रमण पर भेजी जाती हैं. मंगलवार को टीम तेजगढ़ वन परिक्षेत्र की बीट सागा में भ्रमण के लिए आई थी. भ्रमण के दौरान श्वान स्क्वॉड ने सुगंध से घर के अंदर रखे जंगली सुअर का मांस पकड़ा था. बाद में उसको वन परिक्षेत्र कार्यालय तेजगढ़ ले जाया गया और उसकी जब्ती बनाकर सैंपल परीक्षण हेतु जबलपुर भेजा गया है।

### पांच सौ ग्राम मांस जब्त

तेजगढ़ रेजर नीरज पांडे ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर समय समय पर श्वान स्क्वॉड द्वारा जंगलों की सुरक्षा हेतु भ्रमण कराया जाता है. मंगलवार को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व का श्वान स्क्वॉड तेजगढ़ वन परिक्षेत्र से आया था. सागा में भ्रमण के दौरान श्वान ने जंगली सुअर का पांच सौ ग्राम मांस जब्त किया है. मामले में जिस घर से मांस जब्त हुआ है वहां निवासरत दम्पति पर वन अधिनियम की धाराओं पर मामला दर्ज किया गया है।

### इनका कहना है

मांस कहां से आया, इसकी जांच चल रही है. बयान अभी बाकी है. बयानों में ही पता चलेगा जब्त मांस आया कहा से था।

**नीरज पाण्डे**
**रेंजर तेजगढ़**

# युवा संगम मेले में कराएं रजिस्ट्रेशन : सांसद

**राहुल सिंह ने युवा संगम मेले का लिया जायजा**

**नवभारत,दमोह 28 अगस्त।** सांसद राहुल सिंह लोधी ने मंगलवार को पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचकर युवा संगम मेले का जायजा लिया। उन्होंने कंपनियों के स्टॉलों पर पहुंचकर रोजगार से संबंधी जानकारी ली। रोजगार पाने के उद्देश्य से बड़ी संख्या में युवा वर्ग विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों पर मौजूद थे।

इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सिद्धार्थ मलैया, प्रिंस जैन, जिला रोजगार अधिकारी एलपी लड़िया, आईटीआई प्राचार्य अभिषेक तिवारी मौजूद थे। सांसद राहुल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रत्येक माह युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन होता है. इसी क्रम में पॉलीटेक्निक कॉलेज में इसका आयोजन हुआ है। उन्होंने जिले के सभी युवाओं से आग्रह किया इस युवा संगम मेले में अवश्य आये और अपना रजिस्ट्रेशन कराये. आपको योग्यता के अनुसार रोजगार अवश्य मिलेगा।

### युवाओं को रोजगार दिलाने सरकार संकल्पित

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार युवाओं को रोजगार दिलाने के लिये संकल्पित है और जिले के सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण इस दिशा में लगे हुए कि जिले के अधिक से अधिक युवाओ को रोजगार प्राप्त हो और आप सभी से मेरा आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या उपस्थित हो ओर रोजगार कि दिशा में अपना कदम बढायें। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि सिद्धार्थ मलैया ने युवाओं से चर्चा कर उनका उत्साह वर्धन किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## एक नजर में



### एसपी ने त्यौहारों पर अलर्ट रहने के दिए निर्देश

**नवभारत,दमोह 28 अगस्त।** गुरूवार शाम जबलपुर नाका स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में श्री गणेश उत्सव, ईद-मिलादुन्नबी, अपराध रोकथाम, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, पेंडिंग पड़े कार्यो को निपटाने को लेकर एक क्राइम समीक्षा बैठक की गई. पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी की विशेष उपस्थिति में यह बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, डीएसपी सौरभ त्रिपाठी, एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन,एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी,एसडीओपी तेंदूखेड़ा देवी सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी सिटी मनीष कुमार, देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा, थाना प्रभारी रावेंद्र सिंह बागरी, अमित गौतम, महिला रजनी शुक्ला, आरआई-सूबेदार अभिनव साहू, के अलावा और भी जिले के थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी बैठक में मौजूद रहे।

### डायल 112 पायलट के साथ मारपीट

नवभारत,दमोह 28 अगस्त।डायल 112 पायलट के साथ की मारपीट हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई. प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि भगवान दास रैकवार रिटायर्ड नगर पालिका उसका लड़का नरेंद्र रैकवार और राजेश ठाकुर मोहल्ले के टिंकू अठिया द्वारा मारपीट की गई, फिलहाल पुलिस द्वारा एससी/एसटी का मुकदमा कायम किया।



### चोरी के फरार आरोपी को पकड़ा गया

**नवभारत,कुम्हारी 28 अगस्त।** कुम्हारी थाना क्षेत्र का चोरी घटना क्रम जिसमें पुलिस क़ो सफलता मिली है. आरोपी मुकेश साहू निवासी पटना अपराध क्रमांक 90/25 दो माह से फरार वेयर हॉउस चोरी में जिसको पुलिस ने हटा थाना क्षेत्र के खेरी गांव से पकड़ा. जिसमें थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे के निर्देश मे एएसआई गोविन्द सींग, आरक्षक कपिल तिवारी, नितेंद्र राजपूत, राजेश लोधी, आशीष लोधी, बलबंत लोधी सहित वीर सींग, जीवन पटेल की सक्रिय भूमिका रही.वहीं अपराधी क़ो न्यायालय मे पेश किया और जेल भेज दिया गया.

### तीन कमरों में कक्षाओं का हो रहा संचालन

**नवभारत,दमोह 28 अगस्त।** जिला परियोजना समन्वयक मुकेश कुमार द्विवेदी ने बताया शासकीय. प्राथमिक. शाला. केवलारी ग्राम पंचायत पिपरिया साहनी के दो कमरों की दीवार छतिग्रस्त होने के कारण वहां पर कक्षाएं नहीं लगाई जा रहीं है. इन दो कमरों के अतिरिक्त विद्यालय में तीन कमरे और हैं.जिनमें कक्षाओं का संचालन हो रहा हैं. उन्होंने बताया इन कमरों में भी मरम्मत की आवश्यकता है. जिसका प्रस्ताव भेजा गया हैं. शाला प्रांगण में ही शाला के एक भवन में शासकीय उचित मूल्य की दुकान भी संचालित है।

## ओबीसी आरक्षण प्रकरणों का करें समाधान

**कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**नवभारत,दमोह 28 अगस्त।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में समस्त कांग्रेसजनों ने कलेक्ट्रेट के सामने एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए पिछडा वर्ग के 27 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने को लेकर संबंधित डिप्टी कलेक्टर को महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि 8 मार्च 2019 को राज्य सरकार द्वारा अध्यादेश लाकर ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया था, वह यथावत रखा जाये। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बसंत कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान में लगभग 70 याचिकायें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है. इसमें से अधिकांश याचिकाये ओबीसी वर्ग द्वारा



कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दायर की गई है। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष संजय चौरसिया, जिला संगठन मंत्री प्रदीप पटेल ने कहा कि समय पर पिछड़ा वर्ग की छात्रवृति दी जाये।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर सुनील सिंह, छोटू बिदौल्या, शैलेन्द्र सिंह, पप्पू कुशवाहा, गोपाल रैकवार, विजय रैकवार, अशोक ठाकुर, संजू अहिरवार, संजु अहिरवार, खिल्लू ठाकुर, नीलेश यादव, दुर्गेश नामदेव, चन्द्रप्रकाश सरैया, चिन्टू ठाकुर, आशीष शर्मा, जगदीश पटेल, धर्मेन्द्र राय सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहीं।

## मां तुझे प्रणाम योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

**नवभारत,दमोह 28 अगस्त।** संचालनालय, खेल व युवा कल्याण विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार युवाओं को भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सैन्य गतिविधियों तथा दिनचर्या से अवगत कराने अथवा प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भौगालिक स्थानों से परिचय कराने के लिए मां तझे प्रणाम योजना के अंतर्गत जिले के युवाओं और युवतियों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदकों की आयु 31 दिसंबर 2026 की स्थिति में 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए. जिला स्तर पर युवाओं का चयन आवेदन पत्र प्राप्त कर लाटरी या वरीयता के माध्यम से किया जाएगा. सैफ उल्ला खान जिला खेल और युवाकल्याण अधिकारी दमोह ने बताया कि जो युवक व युवतियां सीमा पर जाना चाहते हैं, वे कार्यालय जिला खेल व युवा कल्याण अधिकारी, सिविल वार्ड स्टेडियम दमोह से आवेदन फार्म प्राप्त कर 6 सितंबर तक जमा कर सकते है।

# सच को केवल कवि ही कह पाते हैं: सिंह

**महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में काव्य गोष्ठी व व्याख्यान माला आयोजित**

**नवभारत, दमोह 28 अगस्त।** 24 अगस्त को महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिंदी साहित्य भारती मप्र जिला इकाई दमोह के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी व व्याख्यान माला का आयोजन सरस्वती पूजन कर प्रारंभ किया गया.

अतिथि स्वागत पश्चात डॉ पीएल शर्मा ने अतिथियों का परिचय दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्कृष्ट पीएम श्री महाविद्यालय की प्रोफेसर इन्द्रा जैन ने की. मुख्य अतिथि भाव सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस मुझे कवियों से प्रेम है, क्योंकि सच को सिर्फ कवि ही कह पाते हैं. उन्होंने कवियों को हमेशा सहयोग देने की बात कही.विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार नारायण सिंह ठाकुर, वरिष्ठ चिकित्सक व साहित्यकार




डॉ. रघुनंदन चिले, डॉ. आलोक सोनवलकर प्राचार्य थे, व्याखान माला प्रमुख नन्हें सिंह ठाकुर ने दमोह के स्मृति शेष लगभग 35 रचनाकारों का साहित्य में योगदान पर वक्तव्य दिया. वहीं लेखिका संघ की अध्यक्ष पुष्पा चिले ने जिले की महिला साहित्यकारों के योगदान पर व्याख्यान दिया. जिले के सभी साहित्यकार व कविवर बन्धु व बहिनों ने सुन्दर काव्य पाठ किया.


### इन्होंने किया काव्य पाठ

कार्यक्रम के अंत में प्रांतीय सदस्य डॉ. एनआर राठौर ने साहित्य भारती के उद्देश्य और साहित्य भारत एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है. संचालन मनोरमा रतले ने किया. आभार कृष्ण कुमार पांडेय ने व्यक्त किया. काव्य पाठ करने वाले कवि-कवियत्रियों में प्रेमलता नीलम, प्रेमलता उपाध्याय, मधुलता पाराशर, डॉ. संगीता पाराशर, साधना छिरौल्या, मंजु राजपूत ,अमर सिंह राजपूत, पिम्मी परिहार, बीएम दुबे, कृष्ण कुमार पांडेय, भगवान सिंह अनुरागी, रामेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी, ओजेन्द्र तिवारी, सदन नेमा शामिल रहे.

# दुनिया में कोई भी मनुष्य संपूर्ण नहीं होता : कलेक्टर

**गायत्री शक्तिपीठ में जिला स्तरीय युवा चेतना कार्यशाला आयोजित**

**नवभारत,दमोह 28 अगस्त।** गायत्री शक्तिपीठ दमोह के सभागार में जिला स्तरीय युवा चेतना कार्यशाला आयोजित हुई. कार्यशाला के प्रथम सत्र का उद्घाटन करते हुए सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे (प्रोबेजनल आईएसए) ने अपना अनुभव युवाओं के बीच शेयर



करते हुए बताया कि मैंने मल्टीनेशनल कंपनी छोड़कर यूपीएससी की तैयारी की पहले फेल हुआ.दूसरी बार में इंटरव्यू में फेल हुआ और तीसरी बार में आईएएस बना और मेरी प्रथम पोस्टिंग दमोह में दो माह पूर्व हुई. इसके पीछे की मेहनत की कहानी सुनाते हुए नव युवकों, युवतियों में उत्साह का संचार कर दिया।

### 250 से अधिक युवक-युवतियों ने सहभागिता की

द्वितीय सत्र के शुभारंभ पर कलेक्टर सुधीर कोचर ने बिल्कुल नई शैली में युवाओं को मोटिवेशन दिया. उन्होंने अपने संस्मरण और समस्याओं को समाधान करने की शैली भी बताई और कहा कि दुनिया में कोई भी व्यक्ति संपूर्ण नहीं होता। कार्यक्रम में जिले के 250 से अधिक युवक-युवतियों ने सहभागिता की. संचालन प्रखर गर्ग और आभार प्रदर्शन जिला समन्वयक बीपी गर्ग ने किया.

## सड़क दुर्घटना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घायल

नवभारत,दमोह 28 अगस्त। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संगठन की गीता विश्वकर्मा केन्द्र किंदरई क्रमांक 127 का का एक्सीडेंट 18 अगस्त को परियोजना से वापस जाते वक्त हो गया है . गीता विश्वकर्मा ऑटो से कुर्सियां बच्चों के लिए ले जा रही थी, जो कि परियोजना से प्राप्त हुई थी . एक्सीडेंट में उन्हें सिर व हाथ में चोट लगी . परियोजना अधिकारी राजकुमार लड़िया को जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और गीता विश्वकर्मा को तत्काल सागर मेडिकल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।

## नाम सुधार सूचना

मैं शपथकर्ता **प्रणय शुक्ला** पिता श्री **प्रवीण कुमार शुक्ला** उम्र 32 वर्ष निवासी- सिविल वार्ड-05, तहसील दमोह, जिला-दमोह (म.प्र.) का मूल निवासी हूँ, यह कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक N6536057 में मेरा नाम प्रणय कुमार शुक्ला लिखा हुआ है जबकि मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड एवं अन्य समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम प्रणय शुक्ला लिखा है। यह कि मेरा सही नाम **प्रणय शुक्ला** है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम प्रणय कुमार शुक्ला सुधार कर सही नाम **प्रणय शुक्ला** लिखा जावे इस हेतु यह शपथ पत्र एवं आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ।

दिनांक : 28/08/2025
स्थान : दमोह (म.प्र.)
**सही नाम- प्रणय शुक्ला**

# हटा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**नवभारत,हटा 28 अगस्त।** हटा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई. इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम राकेश मरकाम,तहसीलदार उमेश तिवारी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दमोह सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन,थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, नगरपालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र खटीक सहित दोनो पक्षो के जन,पदाधिकारी, गणमान्य जनो के बीच चर्चा, शांति सौहार्द की अपील की गई।















**गणेशोत्सव** देसी गाय के गोबर से निर्मित श्री गणेश की स्थापना, पहले दिन झांकी रोगनाशक नीम के पत्रों से सजाई गई

# जागेश्वर धाम बांदकपुर गौ-तीर्थ का रूप धारण करेगा : पाठक

**नवभारत,दमोह 28 अगस्त।** देवाधिदेव श्री जागेश्वर नाथ द्वारा संरक्षित धेनुवन (श्री गोवर्धन पर्वत), बांदकपुर में श्री गणेश उत्सव का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ आरंभ हुआ. श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर प्रबंधक पं. रामकृपाल पाठक ने बताया कि इस आयोजन की विशेषता यह है कि यहां देसी गाय के गोबर से निर्मित श्री गोबर गणेश की स्थापना की जाती है.

यहां प्रतिदिन भगवान गणेश की भव्य झांकियां पर्वत पर उपस्थित औषधीय वृक्षों और पौधों से सजाई जाती हैं. बुधवार को प्रथम दिवस पर भगवान गणेश की मनमोहक झांकी रोगनाशक नीम के पत्रों से सजाई गई. नीम को भारत में धरती का कल्पवृक्ष कहा जाता है. धार्मिक



मान्यता है कि नीम के पेड़ में देवी-देवताओं का वास होता है. मान्यता है कि इसके नीचे बैठने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

### नीम का पौधा वातावरण को रखता है शुद्ध

घर के आंगन या मंदिर परिसर में नीम लगाने को शुभ माना जाता है, क्योंकि यह वातावरण को पवित्र और शुद्ध रखता है. वैज्ञानिक दृष्टि से नीम एक अद्भुत औषधीय वृक्ष है.इसकी पत्तियों, छाल,फल और नीम तेल में एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल, एंटीफंगल और इम्यूनिटी बढ़ाने वाले गुण पाए जाते हैं. यह त्वचा रोग, बुखार, दांत और मसूड़ों की समस्या, यहां तक कि मधुमेह नियंत्रण में भी सहायक माना गया है. नीम की पत्तियां रक्त को शुद्ध करती हैं।

### धेनुवन में प्रकृति संरक्षण का कार्य जारी

धेनुवन (श्री गोवर्धन पर्वत) गौमाता को समर्पित एक प्राकृतिक स्थल है, जो श्री जागेश्वर धाम से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. इस स्थान पर कई वर्षों से प्रकृति संरक्षण, गौ-संरक्षण व गौ-संवर्धन जैसे कार्य निरंतर चल रहे है. विगत 10 वर्षों में यहां हज़ारो वृक्षों की स्थापना की गई, जो वृक्ष का रूप ले चुके है, धीरे-धीरे पूरा पर्वत वृक्षों से हरा-भरा हो गया है।

### पौधों के रखरखाव में कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया जाता

पौधों की वृद्धि व इन्हें रोग से बचने के लिए इन सभी में गौ-आधारित (देसी गाय के गोबर व गौमूत्र से निर्मित) उत्पाद जैसे वर्मीकम्पोस्ट खाद, वर्मीवाश, जीवामृत, घनजीवामृत, दसपर्णी आर्क, नीमास्त्र, आग्नेय अस्त्र का प्रयोग किया जता है. अन्य किसी भी रासायनिक दवा या कीटनाशक का प्रयोग नहीं होता. गौमाता की कृपा से पानी के अभाव व अधिक तापमान के बाद भी पर्वत पर सभी पौधों का विकास तेजी से हो रहा है. विकसित हो जाने के बाद आने वाले समय में जागेश्वर धाम बांदकपुर में यह क्षेत्र गौ-तीर्थ व प्राकृतिक पर्यटन का रूप धारण करेगा।